## डिस्टिक क्वालिटी एश्योरेन्स कमेटी जनपद–महराजगंज की बैठक दिनांक 25.11.2016 की कार्यवृत्ति

दिनांक 25.11.2016 को अपरान्ह 04:45 बजे डिस्टिक क्वालिटी एश्योरेन्स समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित रहें।

1. मुख्य विकास अधिकारी, महराजगंज।
2. मुख्य चिकित्साधिकारी, महराजगंज।
3. डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, आर0सी0एच0, महराजगंज।
4. डॉ0 सन्तोष कुमार ओझा, डिस्टिक कन्सलटेन्ट, महराजगंज।
5. डॉ0 अम्बरूल ईस्लाम, डिस्टिक हास्पिटल क्वालिटी मैनेजर, जिला संयुक्त चिकित्सालय, जनपद–महराजगंज।
6. डॉ0 राकेश कुमार, चिकित्सा अधीक्षक, सामु0स्वा0केन्द्र–परतावल, महराजगंज।
7. डॉ0 आर0आर0राय, सर्जन, जिला संयुक्त चिकित्सालय, महराजगंज।
8. डॉ0 वन्दना सिंह, स्त्री रोग विशेषज्ञ, जिला संयुक्त चिकित्सालय, महराजगंज।
9. डॉ0 वी0के0 दूबे, एनेस्थेटिक, जिला संयुक्त चिकित्सालय, महराजगंज।
10. डॉ0 आर0पी0राय, बाल रोग विशेषज्ञ, जिला संयुक्त चिकित्सालय, महराजगंज।
11. डॉ0 राजू यादव, फिजिशियन, जिला संयुक्त चिकित्सालय, महराजगंज।

बैठक के प्रारम्भ में डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, आर0सी0एच0, महराजगंज के द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। क्वालिटी एश्योरेन्स सेल की गठन के उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताया गया कि जनपद में जन सामान्य को गुणवत्तापूर्वक, चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने हेतु क्वालिटी एश्योरेन्स सेल स्थापित है। जिसमें एन0एच0एम0 की गाईड लाईन के अनुसार मानव संसाधन डिस्टिक कन्सलटेन्ट, डिस्टिक क्वालिटी मैनेजर एवं प्रोग्राम असिस्टेन्ट तैनात है।

डॉ0 प्रसाद ने बताया कि भारत सरकार द्वारा क्वालिटी एश्योरेन्स कार्यक्रम के अन्तर्गत कायाकल्प योजना के अन्तर्गत चिन्हित चिकित्सा ईकाईयों को निर्धारित मानक के अनुसार सुदृढ़ किया जाना है एवं नेशनल क्वालिटी एश्योरेन्स सर्टिफिकेशन प्राप्त करने हेतु विकसित किया जाना है।

कायाकल्प एवार्ड योजना के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा चिन्हित ईकाईयों के द्वारा राज्य में प्रथम/द्वितीय स्थान प्राप्त करने एवं 70 प्रतिशत् या उससे अधिक स्कोर प्राप्त करने पर एवार्ड के रूप में चिकित्सा ईकाईयों को धनराशि का प्राविधान है। जिसका विवरण निम्नप्रकार है–

- जिला स्तरीय चिकित्सालय प्रथम स्थान (रू0 50.00 लाख)
- जिला स्तरीय चिकित्सालय द्वितीय स्थान (रू0 20.00 लाख)
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रथम स्थान (रू0 15.00 लाख)
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वितीय स्थान (रू0 10.00 लाख)
- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रथम स्थान (रू0 2.00 लाख)

70 प्रतिशत् यो उससे अधिक स्कोर प्राप्त करने पर कायाकल्प योजना के अन्तर्गत एवार्ड की धनराशि का विवरण निम्नानुसार है–

- जिला स्तरीय चिकित्सालय (रू0 3.00 लाख)
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (रू0 1.00 लाख)
- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (रू0 0.50 लाख)

डॉ0 प्रसाद ने बताया कि जनपद–महराजगंज में भारत सरकार द्वारा चिन्हित चिकित्सा ईकाईयों में जिला संयुक्त चिकित्सालय, महराजगंज, सामु0स्वा0केन्द्र–निचलौल, सामु0स्वा0केन्द्र–परतावल, प्रा0स्वा0केन्द्र–पनियरा, प्रा0स्वा0केन्द्र–घुघुली, प्रा0स्वा0केन्द्र–रतनपुर, प्रा0स्वा0केन्द्र–सिसवा एवं प्रा0स्वा0केन्द्र–बहदुरी को सम्मिलित किया गया है।

चिन्हित चिकित्सा ईकाईयों में से सामु0स्वा0केन्द्र–परतावल एवं निचलौल तथा प्रा0स्वा0केन्द्र–रतनपुर एवं बहदुरी के द्वारा चेकलिस्ट प्राप्त नही हुई है। सम्बन्धित प्रभारी चिकित्साधिकारियों से चेकलिस्ट प्राप्त करने के निर्देश दिये गये। कायाकल्प योजना हेतु चिन्हित सभी ईकाईयों में प्रशिक्षण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

डॉ0 आर0आर0 राय ने कायाकल्प एवार्ड योजना के अन्तर्गत मानक एवं उसकी चेकलिस्ट की प्रति समिति के सभी लोगों को प्राप्त कराये जाने की अपेक्षा की गयी। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, आर0सी0एच0, महराजगंज ने सभी सदस्यों को कायाकल्प योजना की गाईड लाईन एवं उसकी चेकलिस्ट सभी सम्मानित सदस्यों को प्राप्त कराने का आवश्वासन दिया।

डिस्टिक क्वालिटी एश्योरेन्स समिति के अन्तर्गत जनपद स्तरीय परिवार नियोजन क्षतिपूर्ति उप समिति की बैठक के सभी सदस्य उपस्थित रहें। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, आर0सी0एच0, महराजगंज ने बताया कि परिवार नियोजन क्षतिपूर्ति से सम्बन्धित तीन नये आवेदन पत्र प्राप्त हुये है एवं चार पुराने आवेदन पत्र जो राज्य क्वालिटी एश्योरेन्स को प्रेषित किये गये थे। आवेदन पत्रों में कमियां होने के कारण वापस कर दिये गये है। समिति के समक्ष सभी सात असफल नसबन्दी के लाभार्थियों के दावें प्रपत्र पूर्ण कर रखे गये। समिति ने सभी आवेदन पत्रों को संस्तुति से राज्य क्वालिटी एश्योरेन्स समिति को प्राप्त कराने के लिए सहमति व्यक्त किया गया।

बैठक के अन्त में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा सभी सदस्यों को बैठक में उपस्थित रहने एवं सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिया गया एवं बैठक मुख्य विकास अधिकारी, महराजगंज के अनुमति से समाप्त किया गया।

(डॉ0 पी0एैलारी)
मुख्य चिकित्साधिकारी
महराजगंज।

(वीरेन्द्र सिंह)
जिलाधिकारी
महराजगंज।

पत्रांक–क्यू0ए0सी0/बैठक/2016/56-57 दिनांक : 26 नवम्बर, 2016

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य विकास अधिकारी, महराजगंज।
2. डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, आर0सी0एच0, महराजगंज।
3. डॉ0 सन्तोष कुमार ओझा, डिस्टिक कन्सलटेन्ट, महराजगंज।
4. डॉ0 अम्बरूल ईस्लाम, डिस्टिक हास्पिटल क्वालिटी मैनेजर, जिला संयुक्त चिकित्सालय, जनपद–महराजगंज।
5. डॉ0 राकेश कुमार, चिकित्सा अधीक्षक, सामु0स्वा0केन्द्र–परतावल, महराजगंज।
6. डॉ0 आर0आर0राय, सर्जन, जिला संयुक्त चिकित्सालय, महराजगंज।
7. डॉ0 वन्दना सिंह, स्त्री रोग विशेषज्ञ, जिला संयुक्त चिकित्सालय, महराजगंज।
8. डॉ0 वी0के0 दूबे, एनेस्थेटिक, जिला संयुक्त चिकित्सालय, महराजगंज।
9. डॉ0 आर0पी0राय, बाल रोग विशेषज्ञ, जिला संयुक्त चिकित्सालय, महराजगंज।
10. डॉ0 राजू यादव, फिजिशियन, जिला संयुक्त चिकित्सालय, महराजगंज।
11. जिला शासकीय अधिवक्ता, सिविल कोर्ट, महराजगंज।
12. प्रबन्धक, सुब्रा मैटर्निटी, जनपद–महराजगंज।

मुख्य चिकित्साधिकारी
महराजगंज।